तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024


11 मोबाइल चोर 24 घंटे में गिरफ्तार



14 श्रीराम जानकी गरबा महोत्सव का हुआ समापन, प्रतिभाओं का ...






B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## खबर संक्षेप

### कंडेल में नाचा 13 को

**पुरी।** ग्राम कंडेल में दशहरा पर्व पर 13 अक्टूबर को मां अम्बे की खोज ग्राम गज्जूटोला अंबागढ़ चौकी मानपुरगोला का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में पुष्पा नेताम सरपंच कंडेल, कोमल साहू उपसरपंच, पंचगण समेत अनेक ग्रामवासी जुटे हैं।

### भोथीपार में कबड्डी 13 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम भोथीपार में जय बजरंग कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर रविवार को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 8001, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये एवं एवं शील्ड दिया जायेगा। बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, ऑलराउंडर में विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क 301रूपये है। तैयारी में प्रीतेश्वर पटेल, सेवक राम, टोपेश्वर पटेल, उमाशंकर पटेल जुटे हुए हैं।

### गणेशपुर में नाचा कार्यक्रम कल

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में 13 अक्टूबर रविवार को रावण वध होगा। रात्रि में जय मां सरस्वती छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सुखरी डबरी उड़ीसा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष रामनारायण ध्रुव, कोषाध्यक्ष गौकरण साहू, संरक्षक मिथिलेशपुरी गोस्वामी, सलाहकार डॉ ललित निषाद, जीवनलाल साहू ग्राम पटेल, सरपंच रेखा कल्याण यादव, उपसरपंच हरिराम गेंडरे, गरीबाराम, जगदीशराम, लीलाराम, सालिकराम ध्रुव सहित आयोजक समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### सांकरा में राज्यस्तरीय डीजे डांस आज

**सांकरा।** नवदुर्गा उत्सव समिति एवं श्री राधा कृष्ण बाल मंडली स्कूलपारा के संयुक्त तत्वावधान में आज 12 अक्टूबर को राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूलपारा संकरा में किया गया है। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 9111 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5111 एवं तृतीय पुरस्कार 3111 रूपये रखा गया है। युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 5011, द्वितीय पुरस्कार 3111 एवं तृतीय पुरस्कार 2111 रुपये दिया जायेगा। इसी तरह एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 3111, द्वितीय 2111 एवं तृतीय पुरस्कार 1111 रुपये है। प्रतियोगिता की तैयारी में बल्लू साहू, धनराज साहू, शैलेंद्र साहू, शनेश्वर साहू जुटे हैं।

### उमरगांव में आज होगी जस झांकी की प्रस्तुति

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में नव दिवसीय माता रानी की पूजा-अर्चना कर नवमी पर हवन पूजन किया गया। इसके बाद माता रानी की मूर्ति का विसर्जन किया गया। आज दशमी पर रामलीला का मंचन जय गजानन मंडली द्वारा किया जायेगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय अम्बे पूरन जस झांकी अरकार जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। तैयारी में नव दुर्गा उत्सव समिति एवं विजयदशमी महोत्सव के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण मारकोले, हेमंत ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सेन, सचिव रोमेश साहू, विष्णु शेष, सहसचिव तुकाराम निषाद, नारायण पुजारी एवं मंच संचालक डिकेश्वर साहू, तोपेंद्र साहू, दुर्गेश पुजारी जुटे हैं।

नाभि चक्र में तीर लगते ही रावण के मुंह से निकलेगी आग

# आज विजयादशमी, रामलीला मैदान में होगा 40 फीट रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्रि के बाद शनिवार को दशमी तिथि पर विजयादशमी का त्योहार मनाया जाएगा। शहर का मुख्य कार्यक्रम रामलीला मैदान में होगा। इस वर्ष 40 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन होगा। निगम ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है।

कार्यक्रम शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। रामलीला मंचन के बाद रात्रि 8 बजे रावण दहन होगा। ग्राम कोलियारी की रामलीला मंडली द्वारा नाटक का मंचन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक आतिशबाजी होगी। रामलीला के मंचन के बाद रावण के पुतले तक तार के माध्यम से तीर पहुंचेगा जो रावण की नाभि में पहुंचते ही चक्र पटाखा चलेगा। यह अपने आप में अद्‌भुत और रोमांचकारी होगा। रावण दहन आधुनिक तरीके से होगा जो दर्शकों के लिए मनमोहक रहेगा। नाभि के जलने के बाद रावण के मुंह से आग निकलेगी। उसके बाद रावण का धड़ क्रमवार जलेगा। निगम महापौर विजय देवांगन ने लोगों से इस कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया है।





दशहरा पर मराठा समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस शाम 7 बजे मां तुलजा भवानी मंदिर से प्रारंभ होगा जो शहर के प्रमुख मार्ग से होकर बिलाईमाता मंदिर में समाप्त होगा।

# माता शीतला के खड्ग से होगा निर्वस्त्र सहस्त्रबाहु रावण का वध

छिपलीपारा में सैकड़ों साल पुरानी परंपरा को देखने उमड़ती है ग्रामीणों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखण्ड के ग्राम छिपलीपारा में एकादशी पर सहस्त्रबाहु रावण का वध माता शीतला के खड्ग से होगा। सैकड़ों साल इस पुरानी परंपरा को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ती है। शीतला मंदिर के पुजारी सहस्त्रबाहु रावण का वध करते हैं। ग्रामीण विजय का प्रतीक मानकर सहस्बाहु के पुतले की मिट्टी अपने साथ ले जाते हैं।

सिहावा शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि यह परम्परा सदियों से चली आ रही है। मिट्टी से बने नग्न सहस्त्रबाहु रावण का एकादशी के दिन माता शीतला के खड्ग से वध होता है। मान्यता है कि जब भगवान राम लंकापति रावण का वध कर सीता से मिले तब सीता माता ने उन्हे बताया कि अभी युद्ध खत्म नहीं हुआ है। अभी आपको सह्स्त्रबाहु का वध करना है तब भगवान राम ने सहस्त्रबाहु पर आक्रमण किया लेकिन ब्रम्हा से मिले वरदान के चलते श्रीराम उनका वध नहीं कर पाये। मर्यादा को तोड़ते हुए सहस्त्रबाहु सीता माता के सामने नग्न होकर ललकारने लगे तब सीता माता ने आदिशक्ति का रूप धारण कर अपने खड्ग से सहस्त्रबाहु रावण का वध किया। इसके बाद माता शांत होकर धरती में समाहित हो गई। तबसे



छिपलीपारा में मिट्टी के नग्न सहस्त्रबाहु का वध हो रहा है।

# महाष्टमी पर देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में हुआ हवन, पूर्णाहुति डाल मांगी समृद्धि

- नौ कन्या पूजन एवं भोज के बाद हुआ प्रसादी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में हवन एवं पूर्णाहुति हुई जिसमें हजारों माता भक्तों ने आहुति डाली। हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोज एवं प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। कुछ स्थानों पर गुरूवार की शाम को हवन हो गया। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक अष्टमी मुहूर्त होने के कारण शेष मंदिरों में हवन कार्यक्रम हुआ। 12 बजे के बाद नवमी तिथि प्रारंभ हो गई। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से पहले शहर के मां विंध्यवासिनी मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, रिसाई मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर सहित अनेक देवी मंदिरों में हवन पूजन हुआ। मां विंध्यवासिनी मंदिर में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अष्टमी हवन हुआ, जिसमें ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष आनंद पवार एवं मंदिर की ओर से सतीश आपा साहेब पवार ने यजमान के रूप में हवन कुंड में आहुति डाली। पं. निशांत शर्मा ने हवन पूजन कराया। इस मौके पर हजारों माता भक्त उपस्थित थे। हवन के बाद नौ कन्या भोज कराया गया। इसके बाद भक्तों में प्रसादी का वितरण किया गया। अष्टमी हवन के बाद देवी भक्तों ने अपना उपवास तोड़ा। दर्शन के लिए हजारों भक्त देर रात तक पहुंचते रहे।

अष्टमी हवन पर विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने रास्ते में जगह-जगह आम भंडारे का आयोजन किया। रामबाग के पास ई-रिक्शा एसोसिएशन द्वारा दिनभर भंडारा रखा गया। बस स्टैंड के पास आटो एसोसिएशन, रामबाग में शिवसेना ने भंडारा रखा। इसी तरह सभी वार्डों के देवी मंदिरों एवं पंडालों के पास भंडारे का आयोजन हुआ।





# सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- सिलीडीह के पास हुआ हादसा

ग्राम सिलीडीह मेन रोड में दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम नवागांव-कचना निवासी वेसराज ध्रुव पिता मनोज उम्र 24 वर्ष मजदूरी का काम करता था। गुरूवार की सुबह युवक अपने पिता की मोटरसाइकिल से गांव के मोहन साहू उम्र 24 वर्ष के साथ काम करने गुरूर गया था। जहां से रात्रि 12 बजे दोनों वापस अपने घर नवागांव लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम सिलीडीह मेन रोड पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने उसे सामने से ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक में सवार वेसराज व मोहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भखारा अस्पताल ले जाया गया जहां से रिफर करने पर संजीवनी 108 की मदद से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां देर रात्रि डाक्टर ने जांच पश्चात वेसराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मोहन को वार्ड में शिफ्ट कर उसका इलाज किया जा रहा है। इस घटना में मोहन का पैर फ्रैक्चर हो गया है। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को मर्ग कायम कर पंचनामा व पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।



## मतदाता सूची में नाम जोड़ने लगा शिविर



**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए शिविर लगा। इसमें 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप की सहायता से आनलाइन मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया की गई। इसके अलावा इस सत्र में नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6 का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने की जानकारी दी गई। शिविर में स्वीप प्रभारी, प्रो. कृष्ण देवांगन, प्रो. पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, अनुराग जैन, सोनम साहू, संकेत, अपर्णा शर्मा, संतोषी आदि उपस्थित थे।

## गणेशपुर में रामलीला समारोह का आयोजन

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में रामलीला का आयोजन 12 अक्टूबर तक होगा। रायपुर दशहरा 12, 13 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर जय मां सरस्वती छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी सुखरी डबरी उड़ीसा की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष रामनारायण ध्रुव, कोषाध्यक्ष गौकरण साहू, संरक्षक मिथिलेश पुरी गोस्वामी, सलाहकार डॉ ललित कुमार निषाद, जीवन लाल साहू ग्राम पटेल, सरपंच रेखा कल्याण यादव, उपसरपंच हरिराम गेंडरे, अमरीका बाई, तिजऊ राम, सत्यवती नारंग, मोतिम निषाद, कुमारी बाई, राजू निषाद सहित आयोजक समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## उत्तर छग से मानसून की हो रही वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल मानसून की वापसी निर्धारित समय से पांच दिन पीछे चल रही है। 11 अक्टूबर से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी उत्तर छग से प्रारंभ हो गई है जबकि 10 अक्टूबर तक मानसून की वापसी मध्य छत्तीसगढ़ तथा 15 अक्टूबर तक दक्षिण छग से वापसी का निर्धारित समय है।

मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसून की वापसी उत्तर छग के कुछ हिस्सों से हुई है। वापसी रेखा 29 अंश नार्थ तथा 86 अंश ईस्ट दरभंगा, हजारी बाग, पेंड्रा रोड, नरसिंहपुर, खरगांव, नंदुरवार, नवासारी और 20 अंश नार्थ एवं 70 अंश ईस्ट से गुजर रही है। शनिवार के लिए मौसम विभाग की कोई चेतावनी नहीं है। शनिवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बताई है।




# तेल कारखाना में चोरी करने वाला आरोपी युवक पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

बस स्टैण्ड के पीछे स्थित पुराना तेल कारखाना से लोहे के पुराने सामानों की चोरी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार बस्तर रोड औद्योगिक वार्ड निवासी अनिल अग्रवाल का बस स्टैण्ड के पीछे तेल का पुराना कारखाना है। वहां लोहे के पुराने सामानों को रखा गया है। गुरूवार को अज्ञात चोर ने मिल के पीछे की दीवार में लगे टिन शेड को छेदकर गोदाम में घुसकर बेयरिंग, कटिंग टार्च, चैन स्पाकेट सहित अन्य लोहे के स्कैब कीमत 15 हजार रूपये की चोरी कर ली थी। अनिल की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी व गवाहों का बयान लेने व घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपी कैलाश उर्फ घुघवा यादव उम्र 21 वर्ष आमापारा वार्ड निवासी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से चोरी गए सामानों को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी कैलाश यादव उर्फ घुघवा पिता राजेश को धारा 332(3), 305(ए) बी, बीएमएस के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

चरित्र संदेह बना हत्या का कारण, चिटौद की घटना

# पति ने गमछे से गला दबाकर की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चरित्र संदेह पर पति ने गमछे से गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार समीपस्थ ग्राम चिटौद थाना पुरूर निवासी गांव के कोटवार ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है कि अर्जुनराम मण्डावी पिता धन्नूराम उम्र 33 वर्ष ग्राम चिटौद निवासी ने गुरूवार की रात्रि लगभग 11 बजे अपनी पत्नी अंजलि मण्डावी के चरित्र पर शंका कर उसके हाथ-पैर बांधकर गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी है। सूचना पर पुरूर पुलिस तत्काल चिटौद पहुंच ग्रामीणों के साथ अर्जुन के घर पहुंची। कमरे में पत्नी अंजलि मृत हालत में पड़ी थी। उसके हाथ-पैर साड़ी से बंधे हुए थे। पति अर्जुन मण्डावी ने पत्नी अंजलि के चरित्र पर संदेह कर गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। कोटवार की रिपोर्ट पर पुरूर थाना में आरोपी पति अर्जुन मण्डावी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई। बालोद एसपी से निर्देश प्राप्त होने पर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। आरोपी पति ने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी अर्जुन मण्डावी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। वहीं मृतिका के शव का पंचनामा के बाद गुरूर में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

इस कार्रवाई में पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा, प्रआ कमलेश रावटे, प्रमोद नाविक, आरक्षक धनेन्द्र देवांगन, किशोर साहू, संदीप यादव, सुरेश पटेल व पुष्कर तिवारी का योगदान रहा।




हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

## सिर्री में आज मनेगा दशहरा, 12 फीट रावण का होगा दहन

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में इस बार भी दशहरा महोत्सव 12 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। बजरंग मानस मंडली के तत्वावधान में ग्रामीणों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। गांव के हृदय स्थल बाजार चौक में बजरंग मानस मंडली द्वारा प्रत्येक वर्ष दशहरा महोत्सव कार्यक्रम मनाया जाता है। गांव के युवाओं द्वारा रामलीला करते हुए भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध किया जाएगा। रात्रि में रामलीला नाटक का आनंद लेने सैकड़ों दर्शक पहुंचते हैं। रामलीला में राम का किरदार गांव के रोशन विश्वकर्मा, लक्ष्मण का किरदार चंद्रकांत देवांगन, रावण का किरदार बजरंग मानस मंडली के अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू, हनुमान का किरदार बलराम ध्रुवंशी निभाया जायेगा। जोकड़ की भूमिका में संतोष कुमार साहू होंगे। रामलीला की रिहर्सल गांव के दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में पूरी की गई। अंत में 12 फीट के रावण के पुतले का दहन किया जायेगा।





**निधन**

### उदेराम साहू



**धमतरी।** ग्राम काशीपुरी के वयोवृद्ध नागरिक उदेराम साहू 79 वर्ष का निधन हो गया है। वे लेखराम व ओमप्रकाश साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित हुए।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)
जोहनू राम पिता श्री धनीराम साहू, जाति तेली निवासी-ग्राम जोरातराई पो. सिलौटी तह. भखारा जिला-धमतरी (छ.ग.) ......शपथकर्ता
:: शपथ-पत्र ::
1. मैं शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :-
01. यह कि शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि मेरे नाम से ड्रायविंग लायसेंस क्रमांक CG0520070002923 जारी दिनांक 08.05.2010 व नियत तिथी 12.11.2024 है जो आपके कार्यालय में पंजीकृत है।
03. यह कि मेरे उक्त ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम जोहनू राम साहू पिता धनी राम (JOHNU RAM SAHU S/O DHANI RAM दर्ज है तथा जिसमें मेरा पता ग्राम जोरातराई तह. कुरूद जिला-धमतरी जोरातराई धमतरी 493770 है।
04. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जोहनू राम पिता धनी राम साहू, निवासी ग्राम जोरातराई पो. सिलौटी तह. भखारा जिला-धमतरी (छ.ग.) 493770 अंकित है। जो कि सत्य व सही है। इसी नाम व पता को मेरे ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज कराना चाहता हूं।
05. यह कि मेरे ड्रायविंग लायसेंस में त्रुटि पूर्ण रूप से मेरा नाम जोहनू राम साहू पिता धनी राम (JOHNU RAM SAHU S/O DHANI RAM दर्ज है तथा जिसमें मेरा पता ग्राम जोरातराई तह. कुरूद जिला-धमतरी जोरातराई धमतरी 493770 जिसे सुधार कर/विलोपित कर मेरे आधार के आधार पर सही नाम व सही पता जोहनू राम पिता धनी राम साहू, निवासी ग्राम जोरातराई पो. सिलौटी तह. भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) 493770 दर्ज कराने हेतु यह शपथ पत्र जिला परिवहन विभाग को पेश कर रहा हूं।
सत्यापन
मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है। अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया। सत्यापनकर्ता
जोहनू राम

### भक्तों ने माता की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की

# महाष्टमी पर सिहावा शीतला शक्ति पीठ में हुआ हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर शीतला शक्ति पीठ सिहावा में हवन पूजन हुआ। श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुजारियों ने माता शीतला की षोडसोपचार पूजा -अर्चना कर देवी मां के स्वरूप नव कन्याओं व लंगूरवा महराज का पूजन कर उन्हें भोज कराया।

आचार्य चंद्रहास दुबे ने कन्या पूजन का महत्व बताते हुए कहा कि नवकुमारियां भगवती के नवस्वरूपों की जीवंत मूर्तियां हैं जिसके पूजन से धन-आयु-बल की वृद्धि होती है। शुक्रवार को प्रातः 10 बजे हवन प्रारंभ हुआ। इसमें विभिन्न प्रकार की औषधि युक्त सामग्रियों , सांखला का उपयोग कर यज्ञ में ज्योतिधारी व अन्य श्रद्धालुओं ने प्रथम अध्याय से तेरहवें अध्याय तक क्रमशः यज्ञ भवन में प्रवेश लेकर यज्ञ में आहुति डाली। माता की महाआरती कर सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार, संचालक कलम सिंह पवार, महासचिव नेमसिंह बिसेन, सहसचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू,कोषाध्यक्ष गेंदलाल यादव, आचार्य चन्द्रहास दुबे, संरक्षक प्रकाश बैस, राजेश यदु, निकेश ठाकुर, मंच संचालक तुकाराम साहू, गोरख शांडिल्य, गेंद लाल शाण्डिल्य ,पुजारी ज्ञानसागर पटेल, छवि ठाकुर, रवि ठाकुर, संजय सारथी ,रामलाल नेताम, उत्तम साहू ,प्रवीण गुप्ता,सचिन भंसाली, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, महेंद्र कौशल, संतोष पवार, ललित निर्मलकर, सुभाष यादव, महेंद्र साहू, अभय नेताम, ख़रिभान शाण्डिल्य, नवल साहू, बैजनाथ पटेल, बालसिंह शोरी, तुलसी कुंजाम, सुंदरिया साहू, चरणबती नेताम, योगेश निषाद समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।




**एकादशी पर होगा सहस्त्रबाहु का वध**

सिहावागढ़ के सोनामगर में अनोखा दशहरा मनाया जाता है। यहां रावण का नहीं अपितु सहस्त्रबाहु रावण का वध होता है। मिट्टी का नग्न पुतला बनाया जाता है। एकादशी के दिन मां शीतला के खड्ग से प्रमुख पुजारी द्वारा उसका वध किया जाता है।

## हवन-पूजन के बाद नौ कन्या भोज



**नगरी।** नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा ग्राम कल्लेमेटा में विधि- विधान से दुर्गा माता की स्थापना की गई साथ ही 9 दिन तक गांव के बच्चे, महिला, पुरूषों ने सुबह-शाम माता की सेवा व भजन किया। शुक्रवार को विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। इसके बाद नौ कन्या भोज खिलाया गया। मौके पर ग्राम पटेल सियाराम मरकाम, चैनसिंह, भोला शर्मा, अध्यक्ष प्रीतम विभार, उपाध्यक्ष लोकेश्वर निर्मलकर, सचिव सुकलाल मण्डावी, कोषाध्यक्ष गोकुल मरकाम, ग्रामीण अध्यक्ष परदेशी नेताम, उपाध्यक्ष सुरजन मण्डावी, कोषाध्यक्ष विष्णु यादव, सचिव धनाजी मरकाम, सहसचिव दयाराम धनुषधारी समेत ग्रामीण उपस्थिति थे। 12 अक्टूबर को रावण वध का मंचन बालमंडली द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अध्यक्ष लोकनाथ निर्मलकर, सदस्यगण राजू, दादू, रूपेन्द्र, मनीष ध्रुव, निकेश, अविनाश, धर्मेंद्र , संचालक महेंद्र यादव, अशोक मरकाम, तुलेश पुर्राम जुटे हैं।

# क्षेत्र के दुर्गा पंडालों में स्वाहा-स्वाहा की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

■ नौ कन्या भोजन कराया गया

शारदीय नवरात्रि की नवमी पर क्षेत्र के दुर्गा पंडालों में हवन यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई। शीतला मंदिरों में महाष्टमी के दिन हवन यज्ञ, पूजन किया गया।

ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड सहित भैंसमुडी, मेघा, अरौद, भरदा, परसवानी, छिपली, लुगे, बेलरदोना, सोनपैरी, राजपुर, मोहंदी, बेलोरा,सरगी, सोनेवारा, पाहंदा, भोथा, लड़ेर, बोरसी, जामली, रांकाडीह, भोथीडीह, शुक्लाभाठा, आमाचानी, बोड़रा, खिसोरा, नवागांव, हसदा, करेली बड़ी, मोतिमपुर, कुंडेल, गिरौद, हरदी, बेलौदी, सौंगा के दुर्गा पंडालों में महानवमी हवन यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई। पंडालों में नौ कन्या भोजन कराया गया। पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। ग्राम राजपुर के दुर्गा पंडाल में पंडित मुकेश प्रसाद दुबे द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ नवमी महाहवन यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई। जगह-जगह खीर पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अरौद की आदर्श मिलन चौक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा हवन पूजन कर खीर पूड़ी का वितरण किया गया। आज माता की प्रतिमा का विसर्जन होगा।



# हर शाम को गणेश मंदिर में आरती पर पहुंचते हैं भालू

■ प्रसाद ग्रहण करने के बाद किसी को बिना नुकसान पहुंचाए चले जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




नगरी विकासखण्ड के ग्राम गढ़डोंगरी में स्वयंभू गणेश की प्रतिमा है। यहां की महिमा दूर-दूरतक फैली हुई है। गणेश पक्ष, शारदीय नवरात्रि में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। इस मंदिर में प्रसाद खाने 3 से 4 भालू पहाड़ी से पहुंचते है। प्रसाद खाने के बाद जंगल की ओर चले जाते हैं।

ज्ञात हो कि सप्त ऋषियों में से एक ऋषि गर्ग ने इस ग्राम के पर्वत पर अपनी समाधि ली थी। इस पर्वत के नीचे ही स्वयं भू गणेश मंदिर है। ग्रामीणों का कहना है कि गणेश की मूर्ति स्वयं ही उद्गम हुई थी। गणेश चतुर्थी पर्व के साथ ही नवरात्रि पर इस गणेश मंदिर में 9 दिन तक अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाती है। मंदिर में दूर- दूर से लोग भगवान के दर्शन करने पहुंचते हैं। श्रद्धालु भगवान की सेवा में गीत गाते हुए नजर आते हैं। पहाड़ से भी भालू प्रसाद खाने आते हैं। भालू भगवान के दर पर दर्शन और प्रसाद खाने पहुंचते हैं।

संरपच कपिल नेताम, फलेन्द्र ठाकुर, महेन्द्र नेताम, कलेश कृष्ण यादव ने बताया कि इस मंदिर में भालुओं को जामवंत के रूप में पूजा जाता है। नवरात्रि पर 3 से 4 भालू इस मंदिर में भगवान का दर्शन करने आते हैं लेकिन अभी तक भालुओं ने किसी श्रद्धालु को हानि नहीं पहुंचाई है। भालू मंदिर पर हर रोज शाम की आरती के वक्त पहुंच जाते हैं। प्रसाद खाकर जंगल की ओर चले जाते हैं।

## तबला वादन में तानिश व प्रश्न मंच में चित्ररेखा प्रथम रहे

**जीजामगांव।** जिला स्तरीय बौद्धिक समारोह बगौद में हुआ जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव से शिशु वर्ग में तबला वादन में तानिश साहू प्रथम, मानस अंताक्षरी में एकता पटेल, हार्दिक पटेल ,केजल पटेल प्रथम रहे। बाल वर्ग में संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में चित्ररेखा पटेल, नेहा साहू, हर्ष पाले प्रथम, मूर्तिकला में टामेश पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र 19 अक्टूबर को प्रांतीय संस्कृति महोत्सव कोणी बिलासपुर में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# दशहरा के दूसरे दिन करेली छोटी से आयेंगी रिच्छिन माता

■ दर्शन पूजन के लिए उमड़ेंगे हजारों श्रद्धालु, पुलिस प्रशासन की रहेगी तगड़ी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



दशहरा के दूसरे दिन मगरलोड में रिच्छिन माता पहुंचने की वर्षों पुरानी परंपरा है। दशहरा के दिन मगरलोड में रावण वध नहीं किया जाता। ग्राम करेली छोटी की प्रसिद्ध रिच्छिन माता दशहरा के दूसरे दिन मगरलोड आगमन के दिन ही रावण वध कर दशहरा मनाया जाता है। मगरलोड नगर विकास समिति, बुजुर्ग, जनप्रतिनिधि द्वारा एक दिन पूर्व पूजा सामग्री भेंटकर रिच्छिन माता को मगरलोड आने का न्योता दिया जाता है। ग्राम करेली छोटी से रिच्छिन माता बाजे-गाजे के साथ शाम को मगरलोड प्रवेश करती है।

रिच्छिन माता की सर्वप्रथम नगर के अखराभाठा में नगर समिति द्वारा पूजा- अर्चना की जाती है। उसके बाद सह सम्मान बाजे- गाजे एवं अखाड़ा नृत्य के साथ माता नगर प्रवेश करती है। नगर भ्रमण कर अग्रवाल भवन के पास चंडी माता के पास ठहरती है। माता के दर्शन कर हजारों श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करते है। किवदंती है कि ग्राम करेली छोटी की रिच्छिन माता मगरलोड में निवासरत बहन चंडी माता एवं भाई ठाकुर देवता से वर्ष में एक बार दशहरा के दूसरे दिन मिलने आती है। माता के दर्शन करने हजारों की भीड़ जुटती है। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की तगड़ी व्यवस्था की जाती है। रात्रि में रामलीला मैदान में रावण वध कर दशहरा पर्व मनाया जाता है।

**अंचल की खबरें**

### गोजी में गरबा की रही धूम



**सिर्री।** ग्राम गोजी में नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि पर गरबा प्रतियोगिता रखी गई थी। प्रथम स्थान राष्ट्रीय कन्या हिंदू संगठन, द्वितीय स्थान माही ग्रुप, तृतीय स्थान घनीषा ग्रुप, चतुर्थ स्थान खुशी ग्रुप, पंचम स्थान हिमांशी ग्रुप ने हासिल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानेश्वर तारक सरपंच व विशिष्ट अतिथि धनसिंग साहू संरक्षक ग्रामीण समाज, ठाकुरराम साहू, जयमित्र साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, पुखराज साहू, गौकरण साहू पूर्व उपसरपंच, माखन साहू, संतोष साहू तहसील सचिव साहू समाज, ग्रामीण अध्यक्ष बरातू राम गंगोई थे। मंच संचालन इंदु साहू जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष ने किया। इस आयोजन में नव दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष संजय साहू, सचिव दीपक साहू, उपाध्यक्ष युवराज साहू, सदस्य भूषण साहू, धनराज साहू, शालेंद्र साहू, शिवनंदन साहू, राजेंद्र साहू, माखन साहू का सहयोग रहा।

### पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत



**नगरी।** भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष नेहरू निषाद, महेंद्र पंडित जिला संयोजक सदस्यता अभियान, अविनाश दुबे जिला महामंत्री के प्रथम नगरी आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, सदस्यता अभियान प्रभारी नागेन्द्र शुक्ला के संयोजन में कार्यकर्ताओं ने बजरंग चौक नगरी में आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। मौके पर पिंकी शाह पूर्व विधायक, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, हृदय साहू, मंडल महामंत्री, राजेन्द्र गोलछा, गोपी कश्यप, महेन्द्र नेताम, दिनेश्वरी नेताम, नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, रवि दुबे, विकल गुप्ता, बलजीत छाबड़ा, तुलसीराम साहू जिला मीडिया प्रभारी विधि प्रकोष्ठ, रूपेंद्र साहू, अनिरुद्ध साहू, दुर्गेश साहू, गोलू मंडावी उपस्थित थे।

### अटंग में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए हुआ भूमिपूजन



**सिर्री।** ग्राम पंचायत अटंग के गौठान चौक प्रेमनगर में आंगनबाड़ी निर्माण के लिए भूमिपूजन अतिथि सरपंच महेश्वरी चंद्राकर, उपसरपंच रूपवती साहू, रोशन चंद्राकर सरपंच प्रतिनिधि ने किया। मौके पर पंचगण रूक्मणी साहू, धनेश्वरी साहू, फुलेश्वरी साहू समेत ग्रामीण रुद्रनाथ साहू, छोटूराम साहू, मन्नूलाल साहू, इंद्रु साहू, भागवत साहू, राधेश्याम साहू, उदेराम, गिरधारी, मोतीलाल, भारत यादव, नेहरू साहू, रामेश्वर साहू, शिवकुमार चेलक उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधारोपण



**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्राम खरतुली के ग्रामीणों ने नया तालाब, गौठान, श्मशान घाट में वृहद पौधरोपण किया। ग्राम बैठक में रबी फसल पर प्रतिबंध किया गया। साथ ही फसल चक्र पर चर्चा की गई। पौधरोपण के दौरान रामगोपाल साहू, जागेन्द्र साहू, राजेश सिन्हा, राजेश साहू, योगेश कुंभकार, भागवत साहू, डामन विश्वकर्मा, राजाराम साहू, भुवन विश्वकर्मा, कमलेश साहू, संतोष जगबेड़हा, कुल्ली विश्वकर्मा, कोमल साहू, लोमेश सिन्हा मौजूद रहे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
त्यौहारी ऑफर
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## मेघा की प्रिंस मोबाइल शॉप से 19 एंड्रॉयड मोबाइल की चोरी

# मोबाइल चोर 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम मेघा की प्रिंस मोबाइल शॉप से 19 नग एंड्रॉयड मोबाइल फोन की चोरी करने वाले आरोपियों को मगरलोड पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 19 नग मोबाइल को जप्त किया गया है।

प्रार्थी लेखराम साहू पिता भूषण लाल साहू उम्र 26 वर्ष साकिन अरौद ने थाना मगरलोड में लिखित आवेदन दिया था कि 8 अक्टूबर की रात्रि करीबन 10 बजे के बाद दूसरे दिन अपने मेघा स्थित प्रिंस मोबाईल शॉप आया तो देखा कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो काउंटर में रखे 19 नग एंड्रॉयड मोबाइल फोन पुराना कीमत करीबन 90,000 रूपये, एक बैंग एवं उसमें रखे मोबाइल का बिल गायब था। इसकी लिखित रिपोर्ट थाना मगरलोड में 10 अक्टूबर को की गई।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना पर संदेही दानेश्वर सिन्हा भोथीडीह से पूछताछ करने पर उसने जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि रात्रि करीबन 12 बजे ग्राम मेघा की प्रिंस मोबाइल शाप में अपने साथी विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर दुकान के शटर का ताला तोड़कर 19 नग एंड्रॉयड मोबाइल एवं एक बैग की चोरी की। बैग को ग्राम भोथीडीह के बड़े नाला में बहाकर 19 नग मोबाइल फोन को ग्राम चारभाठा के सूने मकान में रखने की बात कही। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उक्त 19 नग मोबाइल फोन को जप्त किया। धारा 331 (2),305,3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी दानेश्वर सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड धमतरी में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत, प्रआर विरेन्द्र चंद्राकर, आरक्षक गोविंदा घृतलहरे, कुणाल साहू, गजानंद साहू, नवीन टण्डन, चालक अजयगिरी गोस्वामी, महिला आरक्षक त्रिवेणी ध्रुव थाना मगरलोड का विशेष योगदान रहा।

# करेली छोटी में आज रिच्छिन माता देंगी दर्शन



- वर्ष में दशहरा के दिन प्रकट होती हैं रिच्छिन माता

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय से महज 3 किमी दूर ग्राम करेली छोटी में मनोकामना पूर्ण करने वाली रिच्छिन माता विराजित हैं। रिच्छिन माता अदृश्य होकर शक्ति रूप में दशहरा के दिन भक्तों को दर्शन देती हैं। ग्राम करेली छोटी के मालगुजार भवन के गर्भगृह में विराजमान हैं।

12 अक्टूबर शनिवार को विजयादशमी के दिन माता के भक्तों द्वारा बाजे-गाजे एवं पुजारी की बार-बार मन्नत के बाद माता शक्ति रूप में प्रकट होंगी। रिच्छिन माता लाल, सफेद डांग बैरंग में शक्ति रूप में विराजित होकर घोड़े की सवारी कर भक्तों को दर्शन देने निकलती हैं। गांव तालाब किनारे विराजित शीतला माता मंदिर तक मुलाकात करने जाती हैं। रिच्छिन माता की महिमा अपार है।

भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली माता नारियल, अगरबत्ती स्वीकार करती हैं। माता का दर्शन पाने मगरलोड क्षेत्र सहित कुरूद, धमतरी, रायपुर, दुर्ग, राजिम, गरियाबंद, महासमुंद सहित बड़े शहरों से भक्त पहुंचते हैं। रिच्छिन माता की सेवा कंवर (दाऊ) परिवार के लोग लंबे समय से कर रहे हैं। रिच्छिन माता का आशीर्वाद प्राप्त करने विधायक, मंत्री, सांसद सहित सैकड़ों नेता दशहरा के दिन दर्शन करने आते हैं। भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने पर वर्ष में एक दिन दशहरा पर्व पर माता के दरबार में भेंट चढ़ावा करते हैं।

# हर पंचायत में वर्षा जल संचय के लिए पांच रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण करें : नम्रता





- कलेक्टर ने वीसी से ली जल संचय, संरक्षण को लेकर जपं सीईओ और एसडीएम की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देश में गिरते हुए भूजल स्तर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'जल संचय, जन भागीदारी' पहल की शुरूआत की गई। इसके जरिए जल संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में जल संरक्षण के लिए कृत्रिम रिचार्ज संरचनाएं जैसे चेक डेम, नाला बंधान, सिंचाई स्त्रोत, परकोलेशन टैंक्स, डग वेल, रूफ टॉप स्ट्रक्चर निर्माण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही जल संचय पोर्टल पर पूर्ण हुए और प्रगतिरत कार्यों को प्रविष्टि करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक पंचायत में वर्षा जल संचय के लिए कम से कम 5 रिचार्ज स्ट्रक्चर निर्माण किया जाए। इसके साथ ही सभी नगरीय निकायों में स्थित शासकीय, अशासकीय भवनों में 10 हजार रिचार्ज स्ट्रक्चर निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री चन्देल ने जल संरक्षण की तकनीकी विषयों की जानकारी दी। मौके पर जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी उपेन्द्र चन्देल, एसडीओ वन श्री विश्वकर्मा सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपस्थित थे।

## पीजी कालेज में नवप्रवेशित छात्रों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग में एमए प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने किया। कार्यक्रम की अतिथि डॉ. श्रीदेवी चौबे प्राचार्य थीं। श्रीदेवी चौबे, विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर, सहायक प्राध्यापक, कृष्ण कुमार देवांगन, अतिथि व्याख्याता डॉ. जितेन्द्र कुमार मानकर ने छात्रों को सुखद एवं बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए मार्गदर्शन किया।

इस दौरान मनोरंजन खेल का आयोजन हुआ। रैम्प वॉक किया। मिस फ्रेशर पूजा हिंदराम और मिस्टर फ्रेशर तुषार ठाकुर चुने गए। मनीष कुमार और मनीषा टण्डन भी चयनित किए गए।

कार्यक्रम में आकांक्षा यादव, हेमेश्वरी सिन्हा, कुसुम पटेल, टेमेश्वरी, गुरूजोत, कुंदन, सूरज कुमार, नोमेन्द्र, रविन्द्र, चन्द्रशेखर, युगल किशोर, पेमनलाल की बड़ी भूमिका रही।

## डॉ. रोशन उपाध्याय को मिला स्वामी राजेश्वरानंद सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मानस दर्शन जीवन अर्पण मानस मंथन पितृ देवो डीहीपारा केशकाल जिला कोंडागांव में छत्तीसगढ़ स्तरीय रामचरितमानस प्रतियोगिता एवं अलंकरण सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि श्रीश्री 1008 श्री सियाशरण स्वामी महाराज उत्तरप्रदेश थे। द्वितीय दिवस धमतरी के सर्जन व मानस पुरोधा धर्मनिष्ठ डॉ. रोशन उपाध्याय को श्रीश्री 1008 श्री राजेश्वरानंद सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. उपाध्याय चिकित्सीय कार्य के अतिरिक्त अन्य धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़े हुए हैं। डॉ. रोशन उपाध्याय एक सफल शल्य क्रिया चिकित्सक होने के साथ-साथ गीता रामायण जैसे धार्मिक ग्रंथों के मर्मज्ञ हैं। श्री राज मानस संघ धमतरी के आजीवन सदस्य हैं। उन्हें सम्मान मिलने पर राजमानस संघ के अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी, संरक्षक खूबलाल साहू, सियाराम साहू, डोमार सिंह दादरा, कोदू राम चंद्राकर, पुरानिक साहू, श्रीमती खिलेश्वरी किरण, शिवदयाल साहू, सचिव डॉ. जेएल देवांगन, कोषाध्यक्ष दानीराम साहू, प्रवक्ता डॉ. भूषण चंद्राकर समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम बारना में ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं निर्वतमान पदाधिकारियों का सम्मान एवं विदाई कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष रूपचंद साहू, उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, उपाध्यक्ष राजाराम पटेल, सचिव भरत निर्मलकर, सहसचिव भूपेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष संतोष यादव, अंकेक्षक चिंता राम साहू ने शपथ ली। शपथ माखन लाल साहू ने दिलाई।

अध्यक्ष रूपचंद साहू ने कार्यकारिणी की घोषणा की। संरक्षक दिलीप निषाद, सलाहकार माखनलाल साहू, कलीराम साहू, संगठन मंत्री खिलावन प्रजापति, विशेष आमंत्रित सदस्य नेहरू निषाद अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, आमंत्रित सदस्य सरपंच ललिता मोती ध्रुव, उपसरपंच दौलत राम साहू सहित 45 वरिष्ठ नागरिक एवं युवा शामिल हैं।

## कबड्डी प्रतियोगिता में सशिमं छाती उपविजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विद्या भारती द्वारा भाठापारा बलौदाबाजार में आयोजित क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर छाती के छात्रों ने ग्राम भारती छग प्रांत का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में उपविजेता रहे। इस उपलब्धि पर छग प्रांतीय पदाधिकारी सहसचिव सुदामा राम साहू, प्रांत प्रमुख संतोष निषाद, ग्राम भारती जिला धमतरी अध्यक्ष ललित सिन्हा, सहसचिव टोमन साहू, कोषाध्यक्ष नेमसिंग सिन्हा, परदेशी निषाद, पोखन साहू, जितेन्द यदु, थानसिंह साहू, विद्यालय अध्यक्ष चैतराम साहू, सचिव नरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष दानेश्वरी यादव, प्रधानाचार्य ओंकार साहू, भीमराम साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## खबर संक्षेप



### धौराभाठा में हुई डे नाइट कबड्डी स्पर्धा

**सरोना।** धौराभाठा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि संत राम मरकाम व सरपंच महेश नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पटेल राजकुमार नेताम, ग्राम प्रमुख विश्वनाथ शोरी, मुड़ा क्षेत्र अध्यक्ष रामलाल कावड़े, जीडी मानिकपुरी आरएच ओ, रामप्रसाद नेताम पंच, कमलदेव मरकाम पंच और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गांव के ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। टीना शेड के उद्घाटन के साथ-साथ कबड्डी प्रतियोगिता ने गांव में खेलों के प्रति उत्साह को और बढ़ाया।

### नव दुर्गोत्सव मुड़पार में किया हवन- पूजन



**सरोना।** बुढ़ेश्वर महादेव नव दुर्गोत्सव मुड़पार में मां दुर्गा अष्टमी का हवन पूजन एवं नव कन्या भोज का आयोजन किया गया। समिति द्वारा नवदुर्गा मुर्ति स्थापित कर मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं के द्वारा प्रज्वलित किया गया। बुढ़ेश्वर महादेव नव दुर्गोत्सव समिति में नव दिनों तक नियमित पूजा अर्चना का कार्यक्रम महाराज महर सिंह मंडावी के द्वारा किया गया। हवन पूजन के कार्यक्रम में सभी ग्रामवासी शामिल हुए।

### रंगी नमक फर्जी खाद विक्रेता के फरार दो और आरोपी रिमांड पर

**कांकेर।** नमक को रंगकर खाद बनाकर बेचने के मामले में चार आरोपियों को पहले ही राजस्थान से गिरफ्तार किया गया था, वहीं अन्य दो आरोपी फरार थे। पुलिस ने फरार दो आरोपियों को भी राजस्थान से गिरफ्तार कर कांकेर लाया गया और जेल की सलाखों में भेजा गया।

एएसपी प्रशांत शुक्ला ने बताया कि नमक को रंगकर बेचने के आरोप में चार लोगो की गिरफ्तारी भी हुई थी और दो आरोपी फरार चल रहें थे, जिसे पखांजुर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया। पखांजुर थाना की पुलिस ने नावा सिटी राजस्थान से अपराध में शमिल चार आरोपी विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन, उपकार जैन और दौलत सिंह को गिरफ्तार कर 7 सितंबर को जेल भेजा गया था। प्रकरण के अन्य आरोपी शिवकृष्ण गुर्जर और ओमप्रकाश भदाना फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए उपनिरीक्षक रामचन्द्र साहू के नेतृत्व में टीम राजस्थान भेजी गई थी। पुलिस टीम ने फरार आरोपियों के निवास ग्राम सुरगढ़ जिला गंगापुर सिटी में दबिश दिया। पुलिस को देखकर दोनो आरोपी भागने लगे जिनका 2 किमी. तक पीछा करते हुए उन्हें पुलिस टीम ने धर दबोचा। पुलिस को इन दोनो आरोपियों ने पहले भी छकाया था और पुलिस पर ही गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया था, यह दोनो आरोपी की कार्यशैली बहुत ही खतरनाक थी। पखांजुर पुलिस सतर्क नहीं होती तो उनको भी चकमा देकर दोनो आरोपी फिर से फरार हो जाते।

### मानसगान में महिला में लोहारा और पुरूषों में बालौद को प्रथम पुरस्कार

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम धनेलीकन्हार मुख्यालय में तीन दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता के तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में अंतिम दिन प्रथम दस स्थान पर आने वाली मंडलियों की घोषणा किया गया, जिसमें महिला वर्ग में सच्चिदानंद दीप ज्योति बालिका मानस मंडली गारका लोहारा और पुरूष वर्ग में गुरु कृपा बाल संस्कार बेलमांड बालौद प्रथम रही। समापन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मानस गान के ऐसे आयोजन से ग्राम संगठित रहता है।

---

मोबाइल क्रैशिज व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने चलाया पोषण जागरुकता कार्यक्रम

# सुपोषण रथ ने ब्लाक के 50 ग्रामों का भ्रमण कर फैलाई जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





स्थानीय मोबाइल क्रैशिज संस्था द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत गांव-गांव में विविध आयोजन किया गया। लईका घर कार्यक्रम के राज्य प्रभारी अजीत मोहन चौधरी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग नगरी के समन्वय से राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत गांव -गांव में पोषण जागरूकता कार्यक्रम के तहत पोषण दिवस, गोद भराई, अन्नप्राशन, वजन त्यौहार व पोषण जागरूकता रैली निकाली गई। सुपोषण रथ के माध्यम से जागरूकता पैदा की गई। कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय पोषक आहार में पाए जाने वाले तत्व तथा उसके फायदे, बच्चों को दिए जाने वाले पौष्टिक आहार, रागी, मडिया के फायदे, गोद भराई कार्यक्रम अन्नप्राशन वजन त्योहार का आयोजन कर लोगों को प्रोत्साहित किया गया।

इन कार्यक्रमों में स्थानीय सरपंच, पंच, ग्राम पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ग्राम संगठन के पदाधिकारी सहित लईका घर, आंगनबाड़ी केंद्र के पालक व ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम ग्राम स्तर पर संचालित लईका घर में किया गया। पोषण जागरूकता कार्यक्रम ग्राम छिपली, देवपुर, फरसियां, कल्लमेटा, गजकन्हार, भैंसामुंडा, गोरेगांव, मसानडबरा, भैंसासांकरा, आमगांव, गिधावा, घटुला, रतावा, बिरगुड़ी, पांवद्वार, छिंदीटोला, रानीगांव, राजपुर, अमाली, संबलपुर, हरदीभाठा, रामनगर, हिंछापुर, खम्हरिया, नवागांव, महुआबाहरा, परसापानी, बटनहर्रा , दिनकरपुर, मुनईकेरा, डोंगरडुला, कोलियारी, गट्टासिल्ली, मोहमल्ला, तालपारा व बांधा में आयोजित किया गया।

सुपोषण रथ को जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिनेश्वरी नेताम, उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विमल साहू, बीएमओ डॉ. अरुण नेताम, परियोजना अधिकारी सोमेंद्र साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुपोषण रथ ने विकासखंड के 50 ग्रामों का भ्रमण कर पोषण गीत के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इसी प्रकार टीम द्वारा विकासखंड के 32 गांव में पोषण जागरूकता रैली निकाली गई।

## पार्षद मोटवानी ने रावण पुतला निर्माण का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम द्वारा दशहरा पर रावण दहन करने की परंपरा है। विगत वर्ष पतले दुबले रावण का निर्माण किया गया था। पुतला चंद मिनट में ही जलकर खाक हो गया। इसकी चर्चा पूरे प्रदेश में हुई। फिर से ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसे ध्यान में रखते हुए पार्षद विजय मोटवानी ने निगम के स्वच्छता प्रभारी शशांक मिश्रा, उपअभियंता लोमस साहू, मंगलू निर्मलकर सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के साथ दशहरा मैदान गौशाला स्थल पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। कहा कि यहां का विजयादशमी उत्सव अपनी पारंपरिक मान्यताओं एवं प्रथा के कारण पूरे प्रदेश में अलग ही स्थान रखता है लेकिन 138 साल के इतिहास में इस उत्सव को महापर्व का रूप भारतीय जनता पार्टी ने दिया है।

### उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन 18 तक

**धमतरी।** कुरूद विकासखण्ड के तहत ग्राम कानामुका, मंदरौद, चर्रा, चिंवरी, खपरी, सौराबांधा, कल्ले, चिरपोटी, खपरी और बगदेही में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर है।

---

# भक्तों ने माता रानी को दी नम आंखों से विदाई

- अंवरी में सांग बाना के साथ हुआ ज्योत जंवारा एवं दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





ग्राम अंवरी में ज्योत जंवारा एवं दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को शोभायात्रा निकालकर किया गया। बाजार चौक विराजित दुर्गा प्रतिमा एवं महामाया मंदिर में बोये हुये जंवारा की सुबह आठ बजे पूजा आरती कर शोभायात्रा निकाली गई। मादर की धुन व जसगीत सेवा गीत, भजन कीर्तन के साथ कुल देवी महामाया मंदिर में पूजा पाठ कर शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं ने ज्योत जंवारा की शोभायात्रा निकाली। पहले सेवक फिर सांग बाना लिए माताओं द्वारा जोत जंवारा को अपने सिर पर रख कतारबद्ध गांव के सभी देवी देवताओं का पूजा पाठ किया। शीतला मंदिर, बजरंग चौक से गांव के बांधा तालाब विसर्जन के लिए गए। कई भक्त बाजे की धुन पर थिरकते झूमते हुए तालाब पहुंचे। विदाई की धुन भक्तिमय गीतों से गूंज रही थी। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। शरीर के विभिन्न अंगों में सांग बाना लेने वाले भक्त आकर्षण का केंद्र रहे। जोत जंवारा की शोभायात्रा विसर्जन के लिए गांव के बाजार चौक से निकलकर बजरंग चौक होते हुए विसर्जन स्थल पहुंची। सेवा टोली देवी मां का जसगीत गाते चल रही थी। शरीर में सांग, बाना धारण किए माता के भक्तों का उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं ने जंवारा एवं देवी की पूजा कर परिवार में सुख एवं शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। बांधा तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान लोमश पाल, चिंताराम मरकाम, बालाराम ध्रुव, भुनेश्वर साहू, फलेन्द्र ध्रुव, परस निर्मलकर, नंदकुमार निर्मलकर, दौवा साहू, नारायण साहू, लेखराम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए और माता रानी को नम आंखों से विदाई दी।

# खेल मेला मैदान में रामलीला के मंचन के साथ होगा 55 फीट ऊंचा रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

- विधायक चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में होगी भव्य आतिशबाजी



नगर दशहरा उत्सव समिति एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में परंपरानुसार इस वर्ष भी कुरूद में विजयदशमी पर्व धूमधाम से रामलीला का मंचन कर मनाया जायेगा। इस मौके पर दहन हेतु विशालकाय 55 फीट का रावण तैयार किया गया है जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अजय चन्द्राकर बतौर मुख्य अतिथि होंगे।

गत वर्ष की भांति इस बार भी 12 अक्टूबर को विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। नगर दशहरा उत्सव समिति एवं नगर पंचायत कुरूद के संयुक्त तत्वावधान में विजयदशमी पर खेल मेला मैदान में नगर के कलाकारों द्वारा रामलीला की प्रस्तुति देकर रात्रि 7 से 9 बजे श्री राम-रावण संवाद पश्चात 55 फीट रावण का पुतला जलाया जायेगा। इसका निर्माण कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। वहीं रावण वध के साथ जोरदार आतिशबाजी भी होगी। रावण दहन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत इस बार विजय सिंग का ऑकेस्ट्रा होगा। अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, महासचिव भानु चन्द्राकर सहित तमाम सदस्य तैयारी में जुटे हैं।

---

## ध्यान से शरीर की आंतरिक क्रियाओं में होता है विशेष परिवर्तन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने योगाभ्यास एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। योग वेदांत समिति राजिम से आए योग प्रशिक्षक तामेश्वर साहू ने छात्र-छात्राओं को ध्यान, योग एवं जैविक घड़ी के बारे में जानकारी प्रदान की। योगाचार्य ने बताया कि ध्यान से शरीर की आंतरिक क्रियाओं में विशेष परिवर्तन आता है। शरीर की प्रत्येक कोशिका में ऊर्जा का संचार होने लगता है जिससे मन में प्रसन्नता, एकाग्रता, शांति और उत्साह उत्पन्न होता है, साथ ही साथ योग के विविध लाभ एवं महत्व को बतलाकर विभिन्न प्रकार के योग यथा अनुलोम विलोम, भ्रामरी, त्राटक का अभ्यास छात्र-छात्राओं को कराया गया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चंद्राकार, स्वीप प्रभारी डॉ. यशोदा साहू, रेडक्रॉस प्रभारी दिव्या देवांगन समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**मंदिर को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया है**

## प्राचीन श्रीराम मंदिर से निकलेगी राम, लक्ष्मण की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



नगर दशहरा महोत्सव के रजत जयंती अवसर पर इस बार यहां का दशहरा ऐतिहासिक ढंग से मनाया जा रहा है। पूरे सप्ताह एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दशहरा के प्राचीन श्रीराम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी हो रही है।

ज्ञात हो कि बस्तर की तरह ही कुरुद दशहरा की ख्याति भी दूर- दूर तक फैली है। पहले यहां अलग अलग स्थानों पर तीन रावण का दहन किया जाता था लेकिन पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक अजय चन्द्राकर की पहल पर ढाई दशक पहले एकीकृत दशहरा मनाने की शुरुआत की गई। तबसे नगर दशहरा समिति के बैनरतले हर साल खेल मैदान में भव्य दशहरा महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष रजत जयंती वर्ष को यादगार बनाने समिति अतिरिक्त जोर लगा रही है। समाज को दिशा दिखाने में योगदान करने वाले सैकड़ों लोगों को मंच पर आमंत्रित कर अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, महासचिव भानु चन्द्राकर सहित आयोजन से जुड़े लोगों द्वारा सम्मानित किया गया। इस बार कुछ पुरानी परम्परा को भी पुनर्जीवित किया जा रहा है जिसमें प्राचीन श्रीराम मंदिर से प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान की शोभायात्रा निकाली जाती रही है। मंदिर के महंत अखिलेश वैष्णव ने बताया कि शनिवार शाम मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात रावण दहन हेतु राम दल यहां से बाजे-गाजे के साथ दशहरा मैदान के लिए रवाना होगा। रावण वध उपरांत राम, लक्ष्मण, हनुमान वापस मंदिर आएंगे। यहां उनकी आरती उतार विजय तिलक लगाया जाएगा।।

## क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो का उद्घाटन आज



- विधायक ओंकार साहू व महापौर विजय देवांगन करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





नवरात्रि, दशहरा, दीपावली त्योहार के अवसर पर रत्नाबांधा रोड स्थित मिशन मैदान में क्राफ्ट इंडिया शॉपिंग एक्सपो का शुभारंभ शनिवार की शाम को विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन करेंगे। शॉपिंग एक्सपो के संचालक ने बताया कि त्योहार सीजन में खरीदारी के लिए कपड़ों एवं अन्य सामानों का विशाल रेंज उपलब्ध है। सभी आयटम ब्रांडेड कंपनियों के हैं जो कंपनी रेट पर उपलब्ध हैं। शॉपिंग एक्सपो में एक ही छत के नीचे फैंसी, लेडीज सलवार सूट, कलकत्ता काटन, खादी, ग्रामोद्योग की वस्तुएं, वुडन, फर्नीचर, लखनवी चिकन सूट, ब्रांस एंड मार्बल, हैंड क्राफ्ट, ज्वेलरी, राजस्थानी, गुजराती, काश्मीरी, बेडशीट, कुर्ता, पेंट, टी शर्ट, फैंसी चूड़ी, लेडीज पर्स, काटन बैग आदि कम दाम पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 2000 रूपये की खरीदी करने पर लकी ड्रा कूपन फ्री में मिलेगा। ग्राहकों को बंपर उपहार मिलेगा। खरीदी नकदी व अन्य सभी क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड के माध्यम से कट सकते हैं। शॉपिंग एक्सपो सुबह 10 से रात 10 बजे तक खुली रहेगी, जहां प्रवेश व पार्किंग निःशुल्क है। लकी ड्रा कूपन में प्रथम पुरस्कार फ्रिज, द्वितीय पुरस्कार वॉशिंग मशीन व तृतीय पुरस्कार मिक्चर मशीन है।

---

**अरसीकन्हार से उजरावन, रिसगांव नदी पहुंच मार्ग में मुरूम डलवाने शासन से मांग**

## पटेल समाज ने नवाखाई पर्व मनाया



**नगरी।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम उजरावन के कोसरिया मरार पटेल समाज ने नवाखाई पर्व मनाया। ज्ञात हो कि नगरी ब्लाक के वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए एक दूसरे का मुंह ताकना पड़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से वनांचल क्षेत्र के मांदागिरी उजरावन के पटेल समाजजनों ने करही, रिसगांव व अरसीकन्हार से उजरावन नदी पहुंच मार्ग पर मुरूम डलवाकर आवागमन को सुगम बनाने की मांग की है। मांग करने वालों में दयाराम पटेल, भैयालाल पटेल, छबि पटेल, बुधमल पटेल, रोशन पटेल, ओषित पटेल शामिल हैं।

### मुल्ले में खेल जंवारा महोत्सव आज

**जीजामगांव।** ग्राम मुल्ले में 12 अक्टूबर को खेल जंवारा महोत्सव का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि 50 वर्ष से गांव में यह आयोजन हो रहा है। शाम को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। आयोजन की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

---

इलेक्ट्रिक चाक के उपयोग से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी : ओंकार

# 25 कुम्हार परिवारों को मिला इलेक्ट्रिक चाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने माटी कला बोर्ड विद्युत चाक योजना के तहत विधानसभा के 25 कुम्हार परिवारों को इलेक्ट्रिक चाक का निःशुल्क वितरण कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया। कुम्हार अब इलेक्ट्रिक चाक की मदद से कम समय में अधिक उत्पादन करेंगे। मिट्टी के बर्तनों, दीपों और मटकों के साथ-साथ घरेलू साज-सज्जा, मूर्तियों को सुंदर आकृति और रंग देने वाले कुम्हारों के दिन अब बहुरने वाले हैं। विधायक श्री साहू के विशेष प्रयास से कुम्हारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक का वितरण किया गया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कुम्हारों की मेहनत का फल उन्हें नहीं मिल पा रहा था। मिट्टी के चाक पर अधिक मेहनत करने पर भी दीपों की संख्या कम ही रह जाती थी। बार-बार चाक घुमाने से शाम तक कुम्हार को ज्यादा परिश्रम करना पड़ता था। इलेक्ट्रॉनिक चाक कुम्हारों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। इससे कम मेहनत में ज्यादा मिट्टी के बर्तन बनाए जा सकेंगे। इलेक्ट्रिक चाक से मिट्टी के बर्तन बनाने वाले परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। हाथ के चाक की अपेक्षा इस इलेक्ट्रॉनिक चाक पर तेजी से दीपक, मटकी सुराई समेत विभिन्न सामान बनाए जा सकते हैं। आगे कहा कि माटी मानव जीवन का अभिन्न अंग रहा है, लेकिन वर्तमान दौर में हम प्रकृति से दूर होते चले गए जिसका शारीरिक दुष्परिणाम देखने को मिल रहा है। आयोजन को नगर पंचायत आमदी के नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र कुम्भकार व सरपंच तोताराम कुम्भकार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में देवलाल , रामकुमार, जितेंद्र कुमार, प्रभुराम, ओमप्रकाश ,भुनेश्वर, रेखराम, राकेश कुमार, पुरूषोत्तम, भागचंद, बीरेंद्र कुमार, प्रेमा, तरुण, महेश, ललित कुमार, श्रीमती रामेश्वरी, श्रीमती भारती, श्रीमती सती बाई, महेश कुंभकार, डोमन, कमलेश, भैयालाल, शिव कुमार को इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया गया।

### साहू समाज आईटी प्रकोष्ठ प्रदेश के उपाध्यक्ष ने ली शपथ



**अंवरी।** साहू समाज आईटी प्रकोष्ठ के शपथ ग्रहण समारोह में भुनेश्वर राम साहू ने सामाजिक संविधान के अनुरूप समाज के सर्वांगीण एवं चहुमुखी विकास के लिए सतत कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम के अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री, ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, टहल सिंह साहू प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, संदीप साहू विधायक कसडोल राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, द्वारिका साहू प्रदेश संयोजक आईटी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ थे।

# विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

दशहरा या विजयादशमी सर्वसिद्धिदायक तिथि मानी जाती है। इसलिए इस दिन सभी शुभ कार्य फलकारी माने जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, दशहरा के दिन बच्चों का अक्षर लेखन, घर या दुकान का निर्माण, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, अन्नप्राशन, कर्ण छेदन, यज्ञोपवीत संस्कार और भूमि पूजन आदि कार्य शुभ माने गए हैं। विजयादशमी के दिन विवाह संस्कार को निषेध माना गया है।

विजयादशमी पर शस्त्र पूजा का मुहूर्त और नीलकंठ दर्शन का महत्व – दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम ने लंकापति रावण का वध किया था। रावण के बढ़ते अत्याचार और अंहकार के कारण भगवान विष्णु ने राम के रूप में अवतार लिया और रावण का वध कर पृथ्वी को रावण के अत्याचारों से मुक्त कराया। रावण पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में दशहरा का पर्व मनाया जाता है इस पर्व को विजय दशमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार भी किया था।

दशहरा पूजा का महत्व – दशहरा के दिन मां दुर्गा और भगवान राम की पूजा की जाती है। मां दुर्गा जहां शक्ति की प्रतीक हैं वहीं भगवान राम मयार्दा, धर्म और आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक हैं। जीवन में शक्ति, मयार्दा, धर्म और आदर्श का विशेष महत्व है, जिस व्यक्ति के भीतर ये गुण हैं वह सफलता को प्राप्त करता है।

विजय का सूचक है पान – दशहरा के दिन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद दहन के पश्चात पान का बीणा खाना सत्य की जीत की खुशी को व्यक्त करता है। इस दिन हनुमानजी को मीठी बूंदी का भोग लगाने बाद उन्हें पान अर्पित करके उनका आशीर्वाद लेने का महत्त्व है।

नीलकंठ के दर्शन है शुभ – लंकापति रावण पर विजय पाने की कामना से मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ने पहले नीलकंठ पक्षी के दर्शन किए थे। नीलकंठ पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन और भगवान शिव से शुभफल की कामना करने से जीवन में भाग्योदय, धन–धान्य एवं सुख–समृद्धि की प्राप्ति होती है।









अधर्म पर धर्म की जीत,
अन्याय पर न्याय की विजय
बुरे पर अच्छे की जय जयकार
यही है दशहरे का त्यौहार









प्रतिभागियों ने माता के भक्ति गीतों पर दी शानदार प्रस्तुति

# श्रीराम जानकी गरबा महोत्सव का हुआ समापन, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



चंद्राकर भवन कुरूद में श्रीराम जानकी गरबा महोत्सव परिवार द्वारा शारदीय नवरात्रि पर प्रथम दिवस से आयोजित गरबा का भव्य समापन महाष्टमी पर हुआ। इसके साथ ही ड्रेस कोड और थीम पर सभी ने डीजे की मधुर ध्वनि में डूबकर माता सेवा के गीतों पर थिरकते हुए गरबा की मनभावन प्रस्तुति दी। बेहतरीन हावभाव, स्टेप बाई स्टेप और पूरे लय के साथ सभी ने माता के भक्ति गीतों पर श्रृंखला बद्ध होकर अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति देते हुए सबका दिल जीत लिया।

आयोजक प्रमुख नेहा चंद्राकर ने अंतिम दिन और पूरे आठों दिन के अलग-अलग श्रेणी में विजयी प्रतिभाओं के नामों की घोषणा की। बेस्ट गरबा परफार्मेंस का अवार्ड महिला वर्ग में माधुरी शर्मा, कन्या वर्ग से ऋतु चंद्राकर और कविता साहू, बालिका वर्ग से सुरुभि साहू को मिला। अन्य दिनों के विजेताओं में रितु चंद्राकर, रीमा कुरई, दुर्गा साहू, रितु साहू, अंशु साहू, वंशिका वर्मा, सुरभि ठाकुर, कृतिका सक्सेना, जय शर्मा, प्रियंका गुप्ता, दुर्गा साहू, नंदिनी दीवान, दीक्षांशी सेन, ज्योति ध्रुव, कुनिका यादव, वेदिका चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, देवासी सोनी, सोनिया साहू, मोनिका पवार, सुरभि ठाकुर, मनीष साहू भी सम्मानित हुए। विजयी प्रतिभाओं को बधाई देते हुए आने वाले वर्षों में भी इसी तरह एकजुटता दिखाने की बात पर जोर दिया। अंतिम कड़ी में सभी ने भारत के दिग्गज उद्योगपति रहे रतन टाटा के निधन पर दो मिनट का धारण कर उनके योगदान को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान अरुणा चंद्राकर, मुकेश कश्यप, कमलेश चंद्राकर, नमिता चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, धानी चंद्राकर, नविता चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, बरखा चंद्राकर, दीपमाला चंद्राकर, अंजु चंद्राकर, दुर्गा चंद्राकर, रजनी साहू, मीना साहू, रूपेश्वरी साहू, अंजु साहू, श्वेता अग्रवाल, अमृता देवांगन, गायत्री चंद्राकर, संध्या गोस्वामी, नंदिता बैस, भारती साहू, सीमा साहू, रश्मि सोनी, रितु चंद्राकर, उमा बैस, निक्की अग्रवाल, पम्मी दीवान, मनीष साहू, इंद्राणी बंसोड़, संध्या गोस्वामी, माधुरी शर्मा, रीमा कुरई, आशु साहू, वंशिका वर्मा, प्रियंका गुप्ता, कृतिका सक्सेना, प्रगति सिंह, अनीता गुप्ता, आयुषी चंद्राकर, चुनाक्षी चंद्राकर, माही साहू जिया चंद्राकर, पूजा साहू, मिस्टी अग्रवाल, कामिनी सोनकर, काव्या अग्रवाल, रचना अग्रवाल, कनिका यादव, माही चंद्राकर सरिता चंद्राकर, अनीता चंद्राकर ,रचना अग्रवाल , प्रीति कश्यप , ईश्वरी देशमुख , गायत्री चंद्राकर, स्वीटी चंद्राकर, पायल बैस, पूजा वैष्णव , लक्ष्मी देवांगन, बरखा चंद्राकर, श्वेता बैस, दीपमाला चंद्राकर, समृद्धि जैन, पायल ध्रुवंशी, शशि साजिदा, शशि गोस्वामी, जय तिवारी, वैशाली चंद्राकर, नंदिनी दीवान, पुष्पा चंद्राकर, दीक्षांशीय सेन, कविता साहू, वर्ष पटेल, पिंकी अग्रवाल, तृषा चंद्राकर, माही चंद्राकर, शानु सेन, पूनम सोनी, आर्य नेम, रोमा भारद्वाज, कल्पना गोस्वामी, हर्षिता कहर, जिया चंद्राकर, प्रीति चंद्राकर उपस्थित थे।

# हवन के बाद प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू

रूद्री घाट में विसर्जन के लिए निगम ने की है व्यवस्था, अधिकारी कर रहे मॉनिटरिंग





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का अष्टमी हवन के बाद विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया है जिसके लिए रूद्री घाट में निगम द्वारा व्यवस्था की गई है। विसर्जन के दौरान निगम टीम नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल बोर्ड के निर्देशों का पालन करवा रही है। आुक्त के निर्देश पर उपायुक्त पीसी सार्वा ने तैयारियों का जायजा लिया। विसर्जन के लिए रूद्री में निगम कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पूजन सामग्री के विसर्जन के लिए अलग से कुंड का निर्माण किया गया है। विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है जिसके माध्यम से प्रतिमाओं को निर्धारित कुंड में विसर्जित किया जा रहा है।

विसर्जन सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो गया है। सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स, सीसीटीवी कैमरा, लाइटिंग, लाउडस्पीकर लगाया गया है। लोगों को गहरे पानी से दूर रहने का आग्रह किया गया है। सफाई व्यवस्था बनाए रखने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। इधर अष्टमी हवन के बाद पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को वाहन में सवार कर बाजे- गाजे और आतिशबाजी के साथ माता भक्त रूद्री घाट ले गए। माता की आरती उतारकर विधि-विधान प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। रास्ते में लोग भक्ति गीतों की धुन पर थिरकते नजर आए। विसर्जन का सिलसिला आज भी चलेगा।

# कालेज मैदान में आतिशबाजी के साथ होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



इस बार भी जोधापुर डाकबंगला वार्ड के कालेज मैदान पर दशहरा मनाया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक पार्षद सोमेश मेश्राम ने बताया कि असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा वार्ड में इस साल भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

वार्ड के शंकर नगर से संध्या 6 बजे प्रभु रामचंद्र की शोभायात्रा निकालकर वार्ड के प्रमुख स्थलों से होते हुए कालेज मैदान में संध्या 7 बजे 25 फीट रावण का दहन कर आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोविंद साहू, पुनुलाल साहू, दिनेश रामटेके, सत्तू सेन, बैसाखु राम साहू, दानेश्वर साहू जुटे हैं।

# सुनील बने छग प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष





**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी कर चुनाव हुआ, जिसमें सुनील कौशिक को प्रांताध्यक्ष, पूर्व प्रांताध्यक्ष विश्राम निर्मलकर को संरक्षक चुना गया। चुना गया। चुनाव शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजेंद्रनगर नेहरू चौक बिलासपुर में हुआ। कार्यकारिणी में राम नारायण सिंह बघेल, कांशीराम रजक, सत्यदेव वर्मा, श्रीमती आशालता चौहान, जितेंद्र कन्नौजे, अजय श्रीवास्तव, श्रीमती चंद्रकला शर्मा, अजय श्रीवास्तव, दीपक सिंह ठाकुर, भूपेंद्रधर दीवान, बलराम पांडेय शामिल हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य
हिस्सों का लेजर द्वारा
लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

सोनालीका
हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज
5100/- के डाउन पेमेन्ट पर
शुभ दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं
हैवी ड्यूटी धमाका
DI 730 III
₹4,71,000.*
त्यौहारों का शुभ शगुन
11,011 उपहार*
पूरे देश को जीतने का मौका लकी ड्रॉ द्वारा
*ऑफर 15 अगस्त से 8 नवम्बर 2024 तक
*ऑफर 15 अगस्त से 8 नवम्बर 2024 तक
6TH प्राइज 151 हॉंडा शाइन^ (100 cc)
4TH प्राइज 111 रॉयल एनफील्ड^
1ST प्राइज 15 सोनालीका टाइगर^ DI 65 CRDS 4WD
2ND प्राइज 17 टाटा पंच कार^
3RD प्राइज 51 25 g सोने के सिक्के^
5TH प्राइज 121 रोटावेटर^(1.82 m)
7TH प्राइज 301 वाशिंग मशीन^ सेमी ऑटोमैटिक
8TH प्राइज 511 LED TV^
9TH प्राइज 1111 मोबाईल फोन^
10TH प्राइज 3511 जूसर मिक्सर^
11TH प्राइज 5111 रिस्ट वॉच^
*नियम एवं शर्तें लागू, ^551 ईनाम का ऑन लाईन लकी ड्रॉ इवेंट अनुमानित दिसम्बर 2024 में छत्तीसगढ़ और झारखंड के लिए आयोजित किया जाएगा। इन ईनामों की अनुमानित कीमत और संख्या ₹11 09 900. तक का 1 ट्रैक्टर, ₹6 12 900. तक की 1 कार, 25 g-3 GOLD COIN-22 Carat, ₹1 75 000. तक की 5 बुलेट, ₹1 20 000. तक के 5, 6' रोटावेटर, ₹66 000. तक की 6 मोटर साइकिल, ₹12 000. तक की 15 वाशिंग मशीन, ₹10 000. तक की 25 LED TV, ₹8 000. तक के 55 मोबाईल फोन, ₹2 500. तक के 175 जूसर मिक्सर, ₹1 500. तक के 260 रिस्ट वॉच। ईनाम से सम्बन्धित सभी सरकारी लेवी/कर ग्राहक द्वारा वहन किये जाएंगे। ^ऊपर दर्शाये गए ईनाम केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं, मूल ईनाम भिन्न हो सकते हैं।
MVT Tractors (Dhamtari)
(ब्रांच - कुकरेल, नगरी, बोराई, अक्लडोंगरी, नारायणपुर)
Mob. : 9993546452, 6260616267, 9424210131, 9399253083